# सिंहपुर के जंगल में नाच रही बावनपरी

## पुलिस के संरक्षण में चल रहा अवैध कारोबार

संभागीय मुख्यालय के आस-पास के इलाके में खुलेआम चल रहे जुआ के अड्डे कानून व्यवस्था का खुला मजाक उड़ा रहे हैं। पुलिस की संरक्षण में चल रहे इस खेल से युवा पीढ़ी तबाह हो रही है, जिनके भविष्य को लेकर अभिभावक भी ड्डुषचतित व परेशान हैं। जबकि अवैध रूप से खेले जा रहे खेल से पुलिस खुद को अनजान बता रही है।

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।



पुलिस के नाक के नीचे अवैध कारोबार का खेल खेला जा रहा है, संभागीय मुख्यालय के अलावा कस्बाई थाना क्षेत्रों में जुए का खेल निर्बाध गति चल रहा है। ऐसा भी नहीं कि इसकी जानकारी पुलिस को नहीं है। इसके बाद भी इस पर रोक या कार्रवाई की बात सामने नहीं आई है। इतना ही नहीं पुलिस इस तरह का कारोबार होने से इंकार कर देती है। लोगों का कहना है कि इसके चक्कर में युवा पीढ़ी खुद को बर्बाद कर रही है। इसकी वजह से उनके मां-बाप भी उनके भविष्य को लेकर परेशान हैं। इस खेल के संचालकों की पकड़ दूर तक है। इसमें कोई अड़चन ना पड़े, इसके लिए मोटी रकम भी बंधी है। इसलिए कानून के हाथ इनके गिरेबान तक नहीं पहुंच पाते। कभी कभार कार्रवाई हुई भी तो दो चार को कुछ घण्टे थाने में बैठा कर छोड़ दिया जाता है, इससे इनके हौसले और बुलंद हो जाते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इनके डर से सामने से कोई शिकायत करने की हिम्मत नहीं करता।

### बेखौफ जुआं का संचालन

सिंहपुर थाना क्षेत्र में नियम-कानून को ताक में रखकर जुआ फड़ का संचालन कर किया जा रहा हैं। हर दिन में स्थान बदल-बदल कर जुआं खिलवाया जा रहा है। सिंहपुर थाना क्षेत्र में दूर-दराज से जुआ खेलने के लिए जुआरी प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। इस काले धंधे के बारे में स्थानीय पुलिस को जानकारी है, इसकी बावजूद छापा नहीं मारा जा रहा। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि पुलिस और जुआ खिलवाने वालों की मिलीभगत है। इसलिए बेखौफ होकर जुआ खेलवाया जा रहा है।

### फड़ में गुर्गे मुस्तैद

सिंहपुर थाना क्षेत्र में शाम ढलते ही जंगलों में चलने वाला जुए का फड़ गुलज़ार होने लगता हैं। शाम ढलते ही आरंभ होने वाली जुए की फड़ दिन ऊगते तक जारी रहती हैं। जुए की फड़ के बारे में समूचे जिले में चर्चा होती रही है, किन्तु पुलिस द्वारा अब तक बड़े जुआरियों के अड्डों पर हाथ डालने की जहमत नहीं उठाया जाना आश्चर्य जनक ही माना जा रहा है। बताया जाता है कि सिंहपुर के जुए की फड़ में जिले के अलावा आस-पास के जिलों के जुआरी आकर दांव लगाते हैं। इतना ही नहीं जुआरियों को जुए की फड़ तक लाने ले जाने के लिये भी फड़ संचालक के गुर्गे मुस्तैद रहा करते हैं।

### आये दिन नये चेहरे

सिंहपुर में संचालित जुए की फड़ में अगर कोई जुआरी अपना सारा धन हार भी जाये तो, उसे 10 से 25 फीसदी मासिक ब्याज पर तत्काल ही मौके पर उधार (स्पॉट फाईनेंस) की सुविधा भी मुहैया करा दी जाती है। इसके अलावा जुआरियों की हर फरमाईश का इन फड़ों में पूरा - पूरा ध्यान भी रखा जा रहा है। जंगल में सरेआम चलने वाली इन जुओं की फड़ के कारण आसपास के गांव के ग्रामीण बहुत ही परेशानी अनुभव करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उनके क्षेत्र में रोज ही कोई न कोई अंजान चेहरे चलह कदमी करते दिख जाते हैं।

### जीतने वालों से 10 प्रतिशत कमीशन

जुआ में जो व्यक्ति जीतता है, उससे जुआं खिलवाने वाला 10 प्रतिशत लेता है। जिसे जुआरियों की भाषा में नाल कहा जाता है। इसके अलावा प्रत्येक जुआं खेलने आने वाले व्यक्ति से 500 रुपये एंट्री फीस लिया जाता है। जुआं फड़ में ही उधार में पैसा उपलब्ध कराने की व्यवस्था रहती है। प्रतिदिन 10 प्रतिशत की ब्याज दर से उधार में लाखों रुपये तक जुआं खेलवाने वाले उपलब्ध करवाते हैं। प्रत्येक जुआ फड़ में 10-15 लोग जुआरियों को लाने और ले जाने के लिए तैनात रहते हैं, जिन्हें शूटर कहा जाता है। जुआरी आस-पास के सार्वजनिक स्थान, ढाबा या दुकान के सामने अपना वाहन रखकर शूटर के साथ उसकी बाइक में बैठकर जुआ फड़ तक आते और जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### रेत का अवैध खनन कर परिवहन करने पर कार्यवाही

**शहडोल।** जिले के देवलोंद थाना क्षेत्र अंतर्गत 20 मई को क्षेत्र में भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गोपालपुर आश्रम के समीप सोन नदी क्षेत्रए जो कि सोन घड़ियाल अभ्यारण्य प्रतिबंधित क्षेत्र के अंतर्गत आता है, एक ट्रैक्टर में अवैध रूप से रेत का खनन कर उसका परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर एक ट्रैक्टर को रेत लोड करते हुए पकड़ लिया। ट्रैक्टर चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अंतरिक्ष कुमार बैस पिता रमाकांत बैस उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम धरी नंबर 02 थाना देवलोंद बताया। उससे जब वैध रेत परिवहन के दस्तावेज मांगे गए तो, वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। चालक द्वारा लिखित रूप में स्वीकार किया गया कि वह नीले रंग के बिना नंबर वाले ट्रैक्टर का स्वामी स्वयं है और उसने उक्त रेत का अवैध परिवहन किया है। मौके पर रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली जिसकी अनुमानित कीमत को गवाहों के समक्ष सुरक्षित जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, खनिज अधिनियम, वन्य जीव संरक्षण अधिनियम, भारतीय वन अधिनियम, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी।

### 74 बैल बछड़े किए गए जब्त

**शहडोल।** जिले के गोहपारू थाना के दौरान बीट क्षेत्र में भ्रमण दौरान एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति अवैध रूप से गौवंशीय पशुओं बछड़ों को क्रूरता से पीटते-घसीटते हुए जंगल के रास्ते ग्राम चुहिरी की ओर ले जा रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए गोहपारू पुलिस टीम ग्राम पलसऊ-बदरा रोड के जंगल क्षेत्र पहुँची, जहां देखा गया कि कुछ व्यक्ति मवेशियों को क्रूरतापूर्वक दौड़ाते, पीटते और घसीटते हुए ले जा रहे थे। सभी पशु भूख-प्यास से व्याकुल अवस्था में थे। पुलिस को आता देखकर आरोपी जंगल की ओर भाग निकले, जिनकी तलाशी ली गई, परंतु वे पकड़ में नहीं आए। मौके से कुल 74 नग बैल जब्त किए गए। कार्रवाई में सभी मवेशियों को गवाहों और पुलिस की सहायता से ग्राम खन्नौधी गौशाला सुपुर्द किया गया, जब्त पशुओं का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया, जहाँ उन्हें चारा-पानी एवं देखरेख उपलब्ध कराई जा रही है। प्रकरण में आरोपी जगदीश सिंह निवासी खाम्हा थाना गोहपारू एवं अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध म.प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम तथा पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपियों की पता-तलाश की जा रही है।

### बच्चों का शुरू हुआ वजन सत्यापन अभियान

**शहडोल।** आयुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संभाग के तीनों जिलों में कुपोषण निवारण अभियान के माध्यम से प्रभावी प्रयास के निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग को दिए गए हैं। अभियान का प्रथम चरण शुरू हो चुका है,

आंगनवाड़ी केन्द्रों में कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों का चिन्हांकन करने के लिए वजन सत्यापन कार्य किया जा रहा है। संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती मंजू सिंह ने बताया कि वजन के पश्चात चिन्हित कुपोषित एंव अतिकुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य कार्ड बनाए जा रहे है। जिसके पश्चात स्वास्थ्य शिविर लगाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा। चिकित्सकों के परामर्श से आवश्यकता पडने पर इन बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराया जाएगा।

### शासकीय सेवकों का समग्र आईएफएमएस सिस्टम में समग्र सत्यापन आवश्यक

**शहडोल।** जिला कोषालय अधिकारी दिवाकर मिश्रा ने बताया है कि आयुक्त कोष एवं लेखा मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय सेवकों का आईएफएमएस सिस्टम में समग्र का सत्यापन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होनें बताया कि जिन कार्यालयों के शासकीय सेवकों के समग्र सत्यापन का स्टेटस 90 प्रतिशत से कम है, उन कार्यालयों के आहरण संवितरण अधिकारियों के क्रियेटर, व्हेरीफायर तथा अप्रूवर की सैलरी आहरित नहीं करने के निर्देश आयुक्त कोष एवं लेखा द्वारा दिए गए हैं। ज्ञात हो कि वित्त विभाग द्वारा सभी शासकीय सेवकों को 28 फरवरी तक अपने कर्मचारी कोड को समग्र आईडी से लिंक कराने के निर्देश जारी किए गए थे। शासकीय सेवकों का समग्र आईएफएमएस सिस्टम में समग्र सत्यापन कराना आवश्यक होगा।

## विद्यार्थियों को जीवन के वास्तविक अनुभवों से जोड़ना आज की आवश्यकता

### विद्यार्थियों ने कल्याणपुर स्थित वृद्धाश्रम का शैक्षणिक-सामाजिक किया भ्रमण

**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास तथा सामाजिक चेतना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सार्थक पहल करते हुए कल्याणपुर स्थित वृद्धाश्रम का शैक्षणिक-सामाजिक भ्रमण आयोजित किया गया। स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों ने इस अवसर पर शिक्षकों की उपस्थिति में वृद्धजनों के साथ आत्मीय संवाद किया और उनके जीवन अनुभवों से समृद्ध हुए। वृद्धाश्रम में विद्यार्थियों और वृद्धजनों के बीच जिस आत्मीयता का आदान-प्रदान हुआ, वह अत्यंत मार्मिक और प्रेरणादायी था। साथ ही, विद्यार्थियों द्वारा वृद्धजनों के मध्य फलों का वितरण भी किया गया, जिससे समूचे वातावरण में एक सहृदय और मानवीय ऊर्जा का संचार हुआ। छात्र-छात्राएं जैसे अपने ही दादा-दादी से मिल रहे हों—ऐसा



स्नेहपूर्ण वातावरण सहज ही बन गया। अनेक वृद्ध महिलाओं ने छात्राओं को आलिंगन में लेकर अपनत्व प्रकट किया, जबकि एक वृद्ध सज्जन ने अंग्रेजी की कविताएं सुनाकर सभी को भावविभोर कर दिया। विभागाध्यक्ष प्रो. मनीषा तिवारी ने इस अनुभव को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत मूल्यवान बताते हुए कहा शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए। विद्यार्थियों को जीवन के वास्तविक अनुभवों से जोडना आज की आवश्यकता है। वृद्धाश्रम में बिताया गया यह समय हमारे विद्यार्थियों के भीतर करुणा, सहानुभूति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को और गहरा करेगा। इसी क्रम में डॉ. शुभम यादव ने बताया कि वृद्धजनों के साथ संवाद करके विद्यार्थियों ने जिस सहजता और सम्मान का परिचय दिया, वह अत्यंत सराहनीय है। यह अनुभव उनके व्यक्तित्व में संतुलन, संवेदना और आत्मचिंतन की क्षमता को विकसित करेगा। इस प्रेरणादायक यात्रा में डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. कात्यायनी, तथा पवन सोनी भी सम्मिलित रहे। प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें सामाजिक जुड़ाव की महत्ता से अवगत कराया। यह पहल न केवल एक शैक्षणिक गतिविधि रही, बल्कि विद्यार्थियों के लिए एक मानवीय अनुभव भी सिद्ध हुई—जिसमें संवाद, स्नेह और संवेदना का गहरा प्रभाव देखने को मिला।

## अश्लील वीडियो वायरल करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले सिंहपुर थाना में फरियादिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि एक अज्ञात व्यक्ति सरफराज राजपूत ने स्वयं को अविवाहित बताकर व्हाट्सएप कॉल और मैसेज के माध्यम से पीड़िता से संपर्क किया और विश्वास में लेकर उसका अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। बाद में आरोपी और उसके साथियों ने पीड़िता को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 30000 रूपये की मांग की।

वीडियो पैसा लेने के बाद भी वायरल कर दिए गए और गलत संबंध बनाने के लिए दबाव बनाया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए सिंहपुर पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल विशेष टीम गठित कर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु रायपुर (छत्तीसगढ़) रवाना किया गया। दबिश के दौरान आरोपीगण मोहम्मद बिलाल रज़ा पिता सलाउद्दीन शेख उम्र 36 वर्ष, अफतार अली की पत्नी, मोहम्मद शाहिद उर्फ बबलू पिता अब्दुल मजीद सभी निवासी ग्राम केरहा थाना सिंहपुर को गिरफ्तार किया गया, पुलिस ने बताया आरोपी रायपुर से फरार होकर मिठौरी में छिपे हुए पाए गए, जिन्हें दो टीमों की मदद से 20 मई को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। पूछताछ में सभी आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया।

आरोपियों से 03 नग मोबाइल फोन बरामद कर जब्त किए गए एवं आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया कर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी एम.एल. गंहगडाले, उपनिरीक्षक विशाखा उर्वेती, सहायक उपनिरीक्षक राजेश कुमार जाटव, लोलर प्रसाद मिश्रा, रामानंद तिवारी, प्रधान आरक्षक मनीष, आरक्षक हीरालाल, विकास, रावजी एवं साइबर सेल से प्रकाश द्विवेदी की भूमिका रही। शहडोल पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि वे सोशल मीडिया पर सतर्क रहें और किसी भी प्रकार के ब्लैकमेलिंग या साइबर अपराध की तत्काल सूचना 1930 कर शिकायत करें या फिर संबंधित थाने में संपर्क करें।

## कांग्रेस द्वारा मनाई भारत रत्न राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि



### राजीव गांधी ने उन्नीसवीं सदी में इक्कीसवीं सदी के भारत का सपना देखा और साकार किया: सुभाष

**शहडोल।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता के नेतृत्व मे जिला कांग्रेस द्वारा जिला कांग्रेस भवन शहडोल मे भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम स्व. राजीव गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर धूप दीप प्रज्वलित किया गया, तत्पश्चात स्व. राजीव गांधी के द्वारा किए गए जन हितार्थ कार्यों से अवगत कराया गया। जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने कहा कि कुछ लोग ज़मीन पर राज करते हैं और कुछ लोग दिलों पर स्वर्गीय राजीव गांधी एक ऐसी शख्सियत थे, जिन्होंने ज़मीन पर ही नहीं, बल्कि दिलों पर भी हुकूमत की। वे भले ही आज इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन हमारे दिलों में आज भी ज़िंदा हैं। राजीव गांधी ने उन्नीसवीं सदी में इक्कीसवीं सदी के भारत का सपना देखा था। स्वभाव से गंभीर लेकिन आधुनिक सोच और निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता वाले राजीव गांधी देश को दुनिया की उच्च तकनीकों से पूर्ण करना चाहते थे। वे बार-बार कहते थे कि भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने के साथ ही उनका अन्य बड़ा मक़सद इक्कीसवीं सदी के भारत का निर्माण है। अपने इसी सपने को साकार करने के लिए उन्होंने देश में कई क्षेत्रों में नई पहल की,जिनमें संचार क्रांति और कम्प्यूटर क्रांति, शिक्षा का प्रसार,18 साल के युवाओं को मताधिकार, पंचायती राज आदि शामिल हैं। **कम्प्यूटर युग से परिचित कराया-** प्रदेश सचिव अजय अवस्थी ने कहा कि,राजीव जी देश की कम्प्यूटर क्रांति के जनक के रूप में भी जाने जाते हैं। वे युवाओं के लोकप्रिय नेता थे। उनका भाषण सुनने के लिए लोग घंटों इंतज़ार किया करते थे। उन्होंने अपने प्रधानमंत्री काल में कई ऐसे महत्वपूर्ण फ़ैसले लिए जिसका असर देश के विकास में देखने को मिल रहा है। आज हर हाथ में दिखने वाला मोबाइल स्व. राजीव जी की ही देन है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने अपनी दूरदर्शी नीतियों से दूरसंचार क्रांति की शुरुआत कर भारत को कम्प्यूटर युग से परिचित कराया, राजीव गांधी के आधुनिक विचारों की छाप उनके सुधारवादी कार्यों में देखी जा सकती है। **निरंतर शांति समझौते -** नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल ने कहा कि राजीव गांधी भारत के एक महान सपूत थे, जिन्होंने लाखों भारतीयों में आशा जगाई। उनके दूरदर्शी और साहसी हस्तक्षेप भारत को 21वीं सदी की चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार करने में सहायक थे। इनमें मताधिकार की आयु घटाकर 18 वर्ष करना, पंचायती राज को मजबूत करना, दूरसंचार और आईटी क्रांति का नेतृत्व करना, कम्प्यूटरीकरण कार्यक्रम लागू करना, निरंतर शांति समझौते करना, एक सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम शुरू करना और समावेशी शिक्षा पर केंद्रित एक नई शिक्षा नीति लाना शामिल हैं।

**विचार किये व्यक्त -** पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, वरिष्ठ कांग्रेसी महमूद अहमद, शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राम नरेश तिवारी, सिंहपुर ब्लाक अध्यक्ष अनूप सिंह ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर मृत्योंपरांत अपनी देह दान के लिए संकल्पित ब्रम्हदेव सिंह बघेल पूर्व सहायक संचालक उद्योग विभाग ने कांग्रेस की रीति और नीति से प्रभावित होकर काँग्रेस की सदस्यता ग्रहण की,जिला अध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने माल्यार्पण कर कांग्रेस परिवार मे उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला एवं आभार प्रदर्शन एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी ने किया।

शोक-संदेश



ब्रम्हलीन स्व. श्रीमती बब्बी बाई गुप्ता

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्यनीय माता जी श्रीमती बब्बी बाई गुप्ता का देवलोकगमन शनिवार, 10 मई 2025 को हो गया है।

कार्यक्रम

त्रयोदशी एवं गंगा पूजन - गुरुवार, 22 मई 2025

स्थान : "पितृ छाया", नरसरहा रोड, ग्रीन सिटी के पास, शहडोल

श्रृद्धांजलि सभा

गुरुवार, 22 मई 2025, सायं 5 बजे

स्थल - निज निवास, "पितृ छाया", नरसरहा रोड, ग्रीन सिटी के पास, शहडोल

शोकाकुल

पुत्र: हनुमान प्रसाद गुप्ता, राजेश गुप्ता, मनोज गुप्ता

**Name Change Information**

मैं VIVEK JAISHWAL पिता GHANSHYAM DAS JAISWAL निवासी WARD NO 4 BEHIND JAMA MASZID SOHAGPUR DIST SHAHDOL कथन करता हूं कि मेरे पासपोर्ट नं. M5840673 में मेरा नाम VIVEK JAISHWAL पिता GHANSHYAM DAS JAISWAL लिखा है जिसे मैनें बदलकर कर लिया है। VIVEK JAISWAL पिता GHANSHYAM DAS JAISWAL अत: मुझे VIVEK JAISWAL पिता GHANSHYAM DAS JAISWAL नाम से जाना व लिखा जावे। पूर्व नाम VIVEK JAISHWAL पिता GHANSHYAM DAS JAISWAL परिवर्तित नाम VIVEK JAISWAL पिता GHANSHYAM DAS JAISWAL



## 10 माह बाद भी उपयंत्री पर नहीं हो सकी कार्यवाही

# जिला पंचायत से मिला अभयदान, कार्यालय में बैठकर वेतन

**प्रशासन की मंशा पर कोई सवाल नहीं, सवाल केवल इतना है कि मंशा यदि अच्छी है तो फिर भ्रष्ट कर्मचारियों पर ठोस कार्यवाही क्यों नहीं, पंचायत विभाग में पदस्थ कर्मचारी-अधिकारी पर भ्रष्टाचार के मामले चल रहे हैं, उनके खिलाफ जांच के बाद आज तक कार्यवाही न होना प्रशासन की मंशा पर सवाल खड़े कर रहा है।**




शहडोल

ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिवों व उपयंत्रियों के खिलाफ भ्रष्टाचार व पद के दुरुपयोग को लेकर दर्ज मामलों की फाइलें इस टेबल से उस घूम रहीं हैं, पेशियां हो रहीं हैं, लेकिन निर्णय कब होगा? इस पर कोई भी जवाब मिलता नजर नहीं आ रहा है। इसी व्यवस्था में सुधार लाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने इन मामलों में फैसला लेने का अधिकार जिला पंचायत सीईओ को दिया था, लेकिन बीते वर्षो में जिला पंचायत में कुछ मामलों में ही संभवतः फैसला हो सका है।

### उपयंत्री ने किया नैतिक पतन

08 अगस्त 2024 को संयुक्त आयुक्त मगन सिंह कनेश ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) को पत्र लिखा था कि संविदा उपयंत्री जनपद पंचायत सोहागपुर श्रीमती नीलिमा श्रीवास्तव और शिकायतकर्ता के साथ हुई बातचीत के ऑडियो रिकॉर्डिंग में श्रीमती श्रीवास्तव द्वारा सीसी रोड तथा अन्य कार्यो के कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में कमीशन की राशि रिश्वत के रूप में मांगे जाने की बात की गई है, जिसमें उनके द्वारा सहायक यंत्री नेहा गोस्वामी के कमीशन की राशि की बात कही गई है। जिससे प्रतीत होता है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सोहागपुर के स्तर से ग्राम पंचायतों में कराये गये कार्यो के एवज में अधीनस्थों द्वारा कमीशन लिया जाता है जो नैतिक पतन की श्रेणी में आता है।

### यह कहा था संयुक्त आयुक्त ने

संयुक्त आयुक्त ने जिला पंचायत को लिखे गये पत्र में उल्लेख किया था कि श्रीमती नीलिमा श्रीवास्तव संविदा उपयंत्री जनपद पंचायत सोहागपुर के विरूद्ध संविदा सेवा शर्तों के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए कार्यालय को अवगत कराया जाये, लेकिन जिला पंचायत के जिम्मेदारों ने तब से अब तक उपयंत्री जिला पंचायत में अटैच किया हुआ है, इसके आगे उन्हे कोई दण्ड नहीं मिला।

### नहीं हुई संविदा शर्तो के तहत कार्यवाही

संविदा सेवा शर्तों के अनुसार जिला पंचायत को कार्यवाही करनी थी, लेकिन गंभीर आरोपों के बावजूद संविदा कर्मी की न तो सेवा समाप्त की गई न तो उनकी वेतन आधी काटी गई। सीईओ जिला पंचायत द्वारा शासन के संविदा सेवा शर्तों का खुला उल्लंघन किया गया। प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि बड़े अधिकारी इस मामले को यथास्थिति बनाए रखना चाहते हैं। यह मामला केलमनिया पंचायत में हुए कुछ निर्माण कार्यों के दौरान भौतिक सत्यापन और सीसी जारी करने में कमीशन को लेकर उठा था और निर्माण कर्ता बालमुकुंद यादव उपयंत्री श्रीमती नीलिमा श्रीवास्तव की वाट्सएप चेटिंग सार्वजनिक कर दी गई थी।

### कार्यवाही के नाम पर संरक्षण

अमृत सरोवर निर्माण के दौरान तत्कालीन उपयंत्री नीलिमा श्रीवास्तव एवं सहायक यंत्री नेहा गोस्वामी ने निर्माण स्थलों का खूब दौरा किया, हालाकि यह तकनीकी अमला इतना पाक-साफ है कि जनपद और जिले में बैठे जिम्मेदारों ने सहायक यंत्री को नेहा गोस्वामी को बुढ़ार भेज दिया और नीलिमा श्रीवास्तव को कार्यवाही से बचाने के फेर में जिला पंचायत में अटैच कर रखा है, मजे की बात तो यह है कि अमृत सरोवर के स्थल चयन में लापरवाही एवं निर्माण के दौरान की गई लापरवाही का खामियाजा योजना को भुगतना पड़ रहा है, लेकिन अब तक ऐसे कर्मचारियों की जवाब देही तय न हो पाना पूरे सिस्टम की निरंकुशता को दर्शाता है।

## नगर में खोले गये सार्वजनिक प्याऊ

**उमरिया।** जिला शहरी विकास एवं अभिकरण ने बताया कि गर्मियों में पेयजल सुविधा हेतु सार्वजनिक प्याऊ खोले गये है जिसमें नगर पालिका परिषद उमरिया में सार्वजनिक स्थलों में प्याऊ प्रारंभ है । नगर पालिका परिषद पाली में 6 स्थलों में वार्ड क्रमांक 12,13,15,3, 6 एवं 1 सार्वजनिक प्याऊ प्रारंभ है । नगर परिषद चंदिया में सार्वजनिक 12 स्थलों में प्याऊ प्रारंभ है । नगर परिषद नौरोजाबाद में वार्ड क्रमांक 1 से 15 वार्डो के सार्वजनिक स्थानो एवं चौराहो में 15 प्याऊ की व्यवस्था प्रारंभ है । नगर परिषद मानपुर में नगर के प्रमुख सार्वजनिक 10 स्थलों में प्याऊ प्रारंभ है ।

## कुपोषण निवारण अभियान के तहत होगा वजन सत्यापन

**उमरिया।** आयुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संभाग के तीनों जिलों में कुपोषण निवारण अभियान के माध्यम से प्रभावी प्रयास के निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग को दिए गए हैं। कुपोषण निवारण अभियान के तहत 22 से 25 मई तक सेक्टर जुरवानी, छुईहाई तथा राघवपुर में वजन सत्यापन का कार्य किया जाएगा । वजन सत्यापन कार्य के लिए जुरवानी सेक्टर के लिए पुष्पा पर्यवेक्षक घुलघुली, बीसी, छुईहाई सेक्टर के लिए पुष्पा एक्का पर्यवेक्षक पिनौरा, आशा सिंह तथा राघवपुर सेक्टर के लिए मालती जेडियल पर्यवेक्षक रहठा तथा सुनेन्द्र सदाफल परियोजना अधिकारी की ड्युटी लगाई गई है।

## 23 मई को ब्लाक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक

**उमरिया।** जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ने बताया कि ब्ला क स्तरीय बैंकर्स समिति पाली की बैठक 23 मई को जनपद पंचायत सभागार पाली में सायं 4 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में ऋण जमा अग्रिम साख अनुपात पर चर्चा, वित्तीय साक्षरता अभियान एवं प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को ग्रामीण शाखाओ व्दारा शिविर आयोजन की चर्चा, जिला व्यापार उद्योग केंद्र उमरिया के योजनाओं की समीक्षा, एनयूएलएम अंतर्गत मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, स्व सहायता समूह के बैंक लिंकेज एवं प्रधानमंत्री स्व निधि योजना की समीक्षा, पशुपालन, मत्स्य, कृषि विभागों के केसीसी के प्रगति की समीक्षा, एनआरएलएम विभाग अंतर्गत स्वय सहायता समूह बैंक लिंकेज एवं प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना की समीक्षा, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना की समीक्षा, आदिवासी वित्तन विकास विभाग की योजनाओं के प्रगति की समीक्षा, सीएम हेल्पलाइन लाइन लंबित शिकायतों की समीक्षा, एसबीआई आरसेटी उमरिया की समीक्षा सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी।

# कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों का शुरू हुआ वजन सत्यापन अभियान




**उमरिया।** आयुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संभाग के तीनों जिलों में कुपोषण निवारण अभियान के माध्यम से प्रभावी प्रयास के निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग को दिए गए हैं। अभियान का प्रथम चरण शुरू हो चुका है, आंगनवाड़ी केन्द्रों में कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों का चिन्हांकन करने के लिए वजन सत्यापन कार्य किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी मनमोहन सिंह कुशराम ने बताया कि उमरिया जिले में 20 मई को परियोजना उमरिया क्रमांक 1 के अंतग्रताा सेक्टर निगहरी के बाजाकुंड, जंगेला तथा उमरिया के बड़ेरी क्र- 1 घंघरी, मानपुर परियोजना के सेक्टर अमरपुर के भरौला क्रमांक 1, मुडग़ुड़ी 2, टिकुरी क्रमांक 2, पाली परियोजना अंतर्गत सेक्टर मुदरिया के कुरावर क्रमांक 1 तथा तुम्मीछोट आंगनबाड़ी में कुपोषित बच्चोंत का कुपोषण दूर करने हेतु कार्य योजना के तहत बच्चों का वजन सत्यापन किया जा रहा है । वजन सत्यापन के दौरान गंभीर कुपोषित मिलने वाले बच्चों के अभिभावकों को एनआरसी में भर्ती कराने की समझाईश दी जा रही है तथा सुपुष्टि चूर्ण खिलानें का आग्रह किया जा रहा है । इसके साथ ही एनआरसी से डिस्चार्ज के पश्चात आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व्दारा गृह भेंट के माध्यम से फालोअप किया जाएगा । साथ ही पोषण ट्रेकर एप संपर्क एप में फालोअप एवं सत्यापन का कार्य किया जा रहा है । इस अवसर पर उमरिया क्रमांक 1 में दल प्रमुख गायत्री त्रिपाठी पर्यवेक्षक, सुश्री अनामिका बाहेश्वर डीसी, सेक्टर निगहरी में सरिता सिंह पर्यवेक्षक, पूजा गुप्ता, अमरपुर सेक्टर अंतर्गत दल प्रमुख रामकला डोंगरे पर्यवेक्षक , मुदरिया सेक्टर में दल प्रमुख किरण साहू पर्यवेक्षक तथा रोशनी मलगाम बीसी उपस्थित रहे।

# 36 लीटर अवैध शराब जब्त



उमरिया।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले में अवैध निर्माण, संग्रहण , परिवहन पर रोक लगाने के निर्देश जिला आबकारी विभाग को दिए थे। निर्देश के परिपालन में जिला आबकारी अधिकारी अशोक खत्री के मार्गदर्शन में मदिरा के अवैध निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय पर नियंत्रण हेतु वृत्त पाली में कार्यवाही की गई।

पाली में ग्राम सेहरा, दफाई, गिंजरी, बेली, मंगठार में कार्यवाही कर 52 पाव देशी मदिरा प्लेन, 27 पाव विदेशी मदिरा व्हिस्की, 21 बोतल बीयर एवं 16 केन बीयर विभिन्न ब्राण्डो की कुल 36.73 बल्क लीटर जप्त की गई। जिसका अनुमानित मूल्य रूपये 16700 है। आरोपियों से जप्त की गई मदिरा के विरूद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं 36 (क) के तहत कुल 4 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक दिनकर सिंह तिवारी, पिंकी हिन्दूजा, आबकारी आरक्षक केशरी चन्द्र बर्मन, अवध प्रताप सिंह बघेल, विद्या सिंह, कविता सिंह, राजपति प्रजापति, कु0 अंजली गौतम एवं होमगार्ड आरक्षकों का विशेष योगदान रहा।

## बिगडे बाग बगीचों को चिन्हांकित कर किया जा रहा हरित विकास

**उमरिया।** जिला शहरी एवं विकास अभिकरण ने बताया कि जिले की नगरीय निकायों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहरी क्षेत्रों अथवा टाऊनशिप के बिगडे बाग बगीचो को चिन्हांन कित कर हरित विकास किया जा रहा है ।

उन्होने बताया कि नगर पालिका परिषद उमरिया में अमृत 2.0 अंतर्गत लालपुर पानी टंकी के पास 45 लाख रूपये की लागत से बनने वाले पार्क निर्माण कार्य 30 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है । वार्ड नंबर 14 में कन्या स्कूल के सामने 10 लाख रूपये की लागत से बनने वाले पार्क निर्माण का कार्य 25 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है । इसी तरह वार्ड नंबर 12 सत्संग भवन के पास 50 लाख रूपये की लागत से बनने वाले पार्क का निर्माण का कार्य 30 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है । इसी तरह नगर पालिका परिषद पाली में अमृत 2.0 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 में सांई मंदिर के सामने 33.20 लाख रूपये की लागत से बनने वाले पार्क निर्माण का कार्य 40 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है । नगर परिशद चंदिया अंतर्गत अमृत 2.0 के तहत भरोसा तालाब के पास 21 लाख रूपये की लागत से बनने वाले पार्क निर्माण का कार्य 25 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है । नगर परिषद मानपुर अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 पंचायत भवन सेमरा में 50 वृक्षरोपण का कार्य कराया गया है । नगर परिषद नौरोजाबाद में अमृत 2.0 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7 में पार्क निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है ।

# ग्राम मोहरी, ग्राम चिल्हारी एवं ग्राम चकेटी में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज जैतहरी

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष श्रीमती माया विश्वलाल के निर्देशानुसार आमजन को नालसा नशा पीड़ितों को विधिक सेवाऐं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाऐं योजना 2015, मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाऐं योजना 2024, निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता योजना, मीडिएशन योजना, अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना, नेशनल/ स्थाई लोकोपयोगी लोक अदालत योजना एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाऐं योजना 2015 के विषय में विधिक जानकारी देने हेतु ग्राम मोहरी, ग्राम चिल्हारी एवं ग्राम चकेटी में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में श्री बृजेश पटैल जिला विधिक सहायता अधिकारी उपस्थित रहें, जिन्होंने आमजन को विस्तार से कानूनी जानकारी प्रदान की। इस दौरान शिविर में डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल रामकृष्ण सोनी, पैरालीगल वालेंटियर महेन्द्र श्रीवास्तव, श्रीमती नेहा रौतेल, राजेश कुमार सोनी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर के कर्मचारीगण नितेश केशरवानी व राजेश कोल एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

# ग्राम पंचायत गोरैया में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के नवांकुर संस्था सेक्टर क्रमांक 2 व्दाा जोहिला नदी ग्राम पंचायत गोरैया में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान उन्होने नदी तथा उसके आस पास पड़े कचरे को एकत्र किया तथा संदेष दिया जल स्त्रोतो के आस पास साफ सफाई बनाएं , क्योकि इस पानी का उपयोग पषु पक्षी के साथ ग्रामीण जन करते है। उन्होने कहा कि जल के बिना मानव की कल्पना नही की जा सकती हे। जल को सहेजना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है । जल है तो कल है ,कि परिकल्पना को साकार करने के लिए जल को बचाना होगा । इस अवसर पर नगर विकास प्रस्फुटन समिति नवांकुर संस्था से अजय चौधरी, मेंटर्स संजय साहू, छात्र अनामिका आकांक्षा विश्वकर्मा सचिन उपस्थित रहे ।

## थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह मरावी का विदाई समारोह किया गया आयोजित



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह मेंरावी का 21 माह के कार्यकाल उपरांत चचाई थाना प्रभारी के लिए स्थानांतरण होने के बाद मंगलवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। उपस्थित लोगों द्वारा थाना प्रभारी के कार्यकाल के दौरान की गए कार्यवाही, कार्य व्यवहार के बारे में अपने-अपने विचार रखे। सभी लोगों ने थाना प्रभारी को विभाग के प्रति अनुशासित अधिकारी बताया। थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह ने भावुक होते हुए कहा कि 21 माह के कार्यकाल के दौरान कई उतार चढ़ाव आए जिसमें यहां की मीडिया, नगर वासियों, सामाजिक संगठनों एवं नगरवासियों का बराबर सहयोग मिलता रहा जिसके लिए सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया। पुलिस एवं पत्रकारों को एक ही सिक्के के 2 पहलू बताया। समाज में दोनों की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। मीडिया के द्वारा अपराध, सामाजिक बुराइयों को उजागर करना उनका दायित्व है और खबरों को गंभीरता से लेकर उस पर कार्यवाही करना पुलिस का कार्य होता है। नगर की मीडिया पुलिस एवं समाज को आईना दिखाने का कार्य किया है जिसके लिए बधाई की पात्र है। स्थानांतरण एक प्रक्रिया है जिससे सभी को गुजरना पड़ता है। कोतमा क्षेत्र का कार्यकाल एवं सभी से मिला सहयोग, स्नेह अविस्मरणीय रहेगा। विदाई पार्टी के दौरान मीडिया से जुड़े लोगों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर अच्छे कार्यकुशलता एवं उज्वल भविष्य की कामना की।

## सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने एचएमएस छोड़कर इंटक की ली सदस्यता



**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** हसदेव क्षेत्र के बहेराबांध उपक्षेत्र में दिनांक 21 मई को एस.ई.के.एम.सी ( इंटक) के क्षेत्रीय अध्यक्ष बृजेन्द्र प्रताप सिंह परिहार एवं क्षेत्रीय कल्याण समिति खुर्शीद आलम के अगुवाई में बहेराबांध माइंस में कार्यरत एचएमएस के पूर्व सदस्य एवं पूर्व में सेफ्टी कमेटी के सदस्य तथा पिछले 18 वर्षों से एचएमएस यूनियन के जुझारू श्रमिक नेता दादा नरेंद्र सिंह राणा कोठी, गणेश केवट, विनोद सिंह, मोतीलाल, महीपत सिंह, गुलशेर, कुशल, शिवकुमार, गंगाराम, रमेश, जवाहर,कौशल, एवं महिला कामगारों में सविता बाई,राम बाई, नंटी बाई सहित लगभग सैकड़ो कामगार भाइयो सहित एचएमएस छोड़कर एस.ई.के.एम.सी. (इंटक) यूनियन की सदस्यता एवं पदभार ग्रहण किये, दादा नरेंद्र सिंह राणा एस.ई.के.एम.सी (इंटक) के जेसीसी बहेराबांध इसी तरह गणेश केवट को कल्याण समिति बहेराबांध, शिवाकांत लिपिक को आवास समिति बहेराबांध एवं शोभनाथ को कैंटीन कमेटी बहेराबांध नियुक्त किया गया एवं सदस्यता ग्रहण कराई गई, नव नियुक्त इंटक के जेसीसी दादा नरेंद्र सिंह राणा ने पत्रकार वार्ता में एचएमएस छोड़कर इंटक में ज्वाइन करने के कारणों के विषय में पूछे जाने पर बताया कि मैंने पिछले 18 वर्षों से अपने साथियों सहित एचएमएस यूनियन की निस्वार्थ सेवा की, परंतु पिछले कुछ 1 वर्षों से बहेराबांध के इकाई पदाधिकारी द्वारा निरंतर अवहेलना के कारण क्षुब्ध होकर अपने कामगार साथियों के हितों की रक्षा हेतु मैं एस.ई.के.एम.सी. (इंटक) की सदस्यता एवं पदभार ग्रहण किया है,एस.ई.के.एम.सी (इंटक) के क्षेत्रीय अध्यक्ष बृजेन्द्र प्रताप सिंह परिहार एवं क्षेत्रीय कल्याण समिति खुर्शीद आलम द्वारा एचएमएस छोड़कर एस.ई.के.एम.सी.(इंटक) की सदस्यता ग्रहण किए जाने पर सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि इंटक ही एक ऐसी यूनियन है जो मजदूरों के हितों के लिए संघर्ष कर रही है, आप सभी के सदस्यता ग्रहण करने से बहेराबाँध माइंस में इंटक और भी मजबूत होकर सामने आएगी।

## खबर संक्षेप

### अलग अलग हादसों में एक की मौत, दूसरा घायल

**कटनी।** अलग अलग सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई जब कि एक घायल हो गया। हादसे बहोरीबंद व कुठला थाना क्षेत्र में हुए। दोनो ही मामलों में पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बहोरीबंद थाना अंतर्गत ग्राम पटना रोड मुहाई के बीच कार ने एक युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में शंकर कुमार 23 निवासी कूड़ा घनिया घायल हो गया था। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। दूसरे मामले में कुठला थाना अंतर्गत मधुर महादेव मंदिर के आगे नहर की पुलिया के पास कार की टक्कर से एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने घायल राम प्रसाद यादव उर्फ दीपक यादव 24 निवासी पन्ना मोड़ की शिकायत पर कार के चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की विवेचना में जुटी है।

### भाईयों में चल रहा था विवाद, एक ने दूसरे के घर में लगा दी आग

**कटनी।** सगे भाईयों के बीच चल रही तकरार के बीच एक ने दूसरे के घर में आग लगा दी। गनीमत यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन करीब एक लाख की सामग्री खाक हो गई। मामला बहोरीबंद क्षेत्र के चौघटिया मोहल्ले का है। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नंदकिशोर पिता भगवत प्रसाद दुबे 56 के घर में मनोज कुमार दुबे पिता भगवत प्रसाद दुबे ने आग लगा दी। गनीमत थी कि नया मकान बन जाने से इस घर में कोई रहता नहीं है। यही कारण है कि इस में किसी की जान नहीं गई है। लेकिन घटना में खिड़की, बोरा बारी बारा, तिरपाल, भरे नारियल के दो बोरे, बर्तन, खाली गुम्मे बगैरह कीमती करीब एक 1 लाख का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना के बाद थाना प्रभारी सुरेंद्र शर्मा सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस मामले की विवेचना में लगी है। पुलिस ने बताया कि मनोज का विवाह भी नहीं हुआ है। उसका कोई परिवार नहीं है। पिछले दिनों से उसका उसके भाई के साथ हिस्सा बंटवारा को लेकर विवाद चल रहा था। हालांकि इस विवाद को निपटाने के लिए प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं बनी। यही कारण है कि उसने अपने भाई के घर में आग लगा दी।

### महिला से मारपीट

**कटनी।** स्लीमनाबाद और कैमोर थाना क्षेत्र में दो महिलाओं के साथ मारपीट की गई। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम छपरा सलमा बी पति मोहम्मद इरफान निवासी ग्राम छपरा के साथ मोहम्मद इरफान, शेख मुस्तुफा, मोहम्मद रहमान तीनों निवासी ग्राम छपरा ने मारपीट की। दूसरे मामले में कैमोर थाना अंतर्गत ग्राम गुड़गड़ौहा गांव में एक महिला से मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने रामरतीबाई कोल पति बुद्धसेन कोल निवासी ग्राम गुड़गड़ौहा की शिकायत पर नंदकिशोर कोल पिता रामचरण कोल निवासी ग्राम गुड़गड़ौहा पर मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

### तेंदुआ की चहल कदम से दहशत

**कटनी।** जमुआनी कला गांव में तेंदुआ की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना है। इसकी सूचना देने पर विभागीय अधिकारी ग्रामीणों को उल्टे थाली बजाने, फटाके फोड़ने या अन्य ध्वनि या शोर करने की सलाह देते रहे बाद में मामले की गंभीरता बरतते हुए रात 12 बजे विगढ़ रेंजर विवेक जैन सदलबल पहुंचे। कटनी वन परिक्षेत्र अंतर्गत जमुआनी के समीप स्थित गौशाला से संबंधित लोगों ने वन विभाग अधिकारियों को सूचना दी कि क्षेत्र में तेंदुआ का विचरण हो रहा है जिससे गौशाला में कुछ अनहोनी हो सकती है। रात में वन अमले के साथ शिव कुमार पटेल, नाकेदार अरविंद पाठक एवं आनंद तिवारी अरविंद पाठक मौजूद रहे। सूचना पर विगढ़ टीआई अरविंद चौबे मौका मुआयना करने पहुंचे। रेंजर श्री जैन द्वारा क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी होने पुष्टि की गई। ग्रामीणों ने गौशाला की बाउंड्री पर तेंदुआ को चहलकदमी करते देखा।

---

**विजय प्रकाश गौतम बने संभागीय अध्यक्ष वही मृगेन्द्र सिंह बने अनूपपुर जिला अध्यक्ष**

# पत्रकार कल्याण परिषद की संभागीय पत्रकार मिलन समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज बिजुरी।

पत्रकार कल्याण परिषद शहडोल द्वारा पाण्डव नगर स्थित केसरवानी भवन में संभागीय पत्रकार मिलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्व प्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, छोटेलाल सरावगी पूर्व विधायक विधान सभा क्षेत्र शहडोल, राष्ट्रीय अध्यक्ष पत्रकार कल्याण परिषद वेदांती त्रिपाठी अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात भारत माता संगीत विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना सहित स्वागत गीत प्रस्तुत किया। पत्रकार कल्याण परिषद शहडोल के पदाधिकारियों ने मंचासीन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मनीषा सिंह, कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे छोटेलाल सरावगी पूर्व विधायक विधान सभा क्षेत्र शहडोल व विशिष्ट अतिथि सागर के राजेश जैन, सतना के हामीद खान, प्रीतम जी को पुष्पगुच्छ व माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सहित अतिथियों ने समारोह को सम्बोधित किया। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवा उत्कृष्ट कार्य के लिए चन्द्र शेखर ढण्ड व जिले में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले कक्षा 12 वीं के ओम गुप्ता और कक्षा दसवीं की प्रार्थना मिश्रा को सम्मानित किया गया। वही इस कार्यक्रम में पत्रकार कल्याण परिषद के संभागीय व जिला इकाई का गठन भी किया गया, पत्रकार कल्याण परिषद शहडोल की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विजय प्रकाश गौतम तीसरी बार संभागीय अध्यक्ष चुने गए साथ ही डा नरेन्द्र तिवारी प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल इसी प्रकार सुनील मिश्रा को भी प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। नवीन पदस्थापना में शहडोल जिला अध्यक्ष सूरज पयासी, संभागीय उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता (गुड्डन), दिनेश पयासी संभागीय उपाध्यक्ष, मृगेंद्र सिंह अनूपपुर जिला अध्यक्ष, उमरिया जिला अध्यक्ष बजरंग सोनी बने वहीं उप नगरीय क्षेत्र ब्यौहारी ब्लाक अध्यक्ष की कमान सुरेन्द्र नामदेव को दिया गया है। इस अवसर पर दिनेश अग्रवाल, विश्वास हलवाई, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, सूर्य प्रताप सिंह नीलेश गुप्ता, महेश कुशवाहा, राजा मिश्रा, राकेश सोनी, नीरज द्विवेदी पहलाद गुप्ता, चंद्रिका चंद्रा, पंकज पांडे, गजल, रविंद्र यादव, तीरथ मिश्रा, जावेद, उत्पल भट्टाचार्य सहित शहडोल संभाग के उमरिया, अनूपपुर व शहडोल के सैकड़ों पत्रकार गण शामिल हुए। कार्यक्रम में स्वागत भाषण व आभार प्रदर्शन डा. नरेंद्र तिवारी तथा डा. पंकज शर्मा ने मंच का सफल संचालन किया।



# एक दिवसीय पत्रकारिता प्रशिक्षण कार्यक्रम 24 को, ऑनलाईन पंजीयन की अंतिम तिथि आज

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद जिला ईकाई अनूपपुर के तत्वाधान में शनिवार 24 मई को अनूपपुर जिला मुख्यालय के शंकर मंदिर के पास स्थित धनश्री पैलेस में एक दिवसीय पत्रकारों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद अनूपपुर के जिला अध्यक्ष अमित शुक्ला ने बताया कि पत्रकारिता का बदलता स्वरूप और चुनौतियां विषय अन्तर्गत चार सेक्शन (प्रत्येक सेक्शन 40 मिनट) का होगा, जिसमें साइबर और क्राइम के समाचारों में पत्रकारो की भूमिका, डिजिटल युग में पत्रकारिता, समाज को दिशा देने में कैसा हो पत्रकारो का योगदान एवं सकारात्मक पत्रकारिता के मायने विषय पर गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस दौरान परिषद के राष्ट्रीय, प्रादेशिक, संभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम को अतिथियों द्वारा शुभारंभ किया जायगा, तत्पश्चात अतिथि स्वागत, स्वागत गीत, प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य व अतिथियो द्वारा प्रेरणात्मक उद्बोधन पश्चात प्रशिक्षण विषय विशेषज्ञो द्वारा प्रदान किया जायेगा। संभागीय अध्यक्ष शहडोल चैतन्य मिश्रा ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन पंजीयन चालू है, पंजीयन की अंतिम तिथि 22 मई है। बिना पंजीयन के प्रशिक्षण कक्ष में इंट्री नही होगी। जिसके लिए पत्रकार समय पर ऑनलाईन पंजीयन करते हुए उक्त प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# पुनर्विकास के बाद यात्रियों को स्टेशन में मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज कटनी

कटनी साऊथ स्टेशन का पुनर्विकास कार्य किया जा रहा है। पुनर्विकास से संबंधित कार्य पूरा होने के बाद साऊथ स्टेशन पर यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। स्टेशन को अत्याधुनिक सुविधा से सुसज्जित करते हुए साऊथ स्टेशन के नए भवन में आकर्षक फर्श लगाए गए हैं। एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर सुगम आवागमन हेतु पैदल ऊपरी पुल (एफओबी) का प्रावधान किया जाएगा जो लिफ्ट और एस्केलेटर से युक्त होगा । सभी श्रेणी के प्रतीक्षालयों में पर्याप्त यात्री सुविधाएं उपलब्ध होंगी। लगभग 4000 स्क्वायर मीटर में पार्किंग एरिया का निर्माण किया गया साथ ही सकुर्लेटिंग एरिया का विकास भी किया गया हैं। स्टेशन पर आगमन एवं प्रस्थान के लिए प्रवेश और निकास द्वार ऐसे होंगे, जिससे यात्रियों को भीड़-भाड़ का सामना नहीं करना पड़े । दिव्यांग अनुकूल शौचालय के निर्माण के साथ ही दिव्यांग यात्रियों के लिए सभी प्रकार की सुविधाओं का प्रावधान किया गया। इससे आम यात्रियों के साथ वरिष्ठ नागरिक विशेष रूप से लाभान्वित होंगे। आने वाले दिनों में स्टेशन को पूरी तरह से हाईटेक लुक देते हुए यात्रियों को सभी सुविधाएं मिलनी शुरू हो जाएंगी। स्टेशन भवन का डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। स्टेशन पुनर्विकास का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को संरक्षा, बेहतर एवं सुखद यात्रा अनुभव तथा उन्नत यात्री सुविधाएं प्रदान करना है। स्टेशन पुनर्विकास परियोजना के तहत रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य विभिन्न चरणों में है। इनमें कटनी का साऊथ स्टेशन भी शामिल है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किए जा रहे 1300 से अधिक स्टेशनों में जो 103 स्टेशन अभी बनकर तैयार हुए हैं, उनमें मध्य प्रदेश राज्य के छह स्टेशन – कटनी साउथ, श्रीधाम, नर्मदापुरम, शाजापुर, सिवनी और ओरछा शामिल हैं। इन स्टेशनों पर भव्य प्रवेश द्वार, आकर्षक फसाड, हाई मास्ट लाइटिंग, आधुनिक प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, मॉर्डन टॉयलेट और दिव्यांगजन के लिए सुगम रैंप जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं।

# बांडेड डॉक्टर नहीं कर रहे सही ड्यूटी

## हफ्ते में 2 दिन ड्यूटी 5 दिन गायब आखिर क्या है माजरा

हरिभूमि न्यूज, ब्यौहारी

विकासखंड के अंतर्गत ब्यौहारी- ,बुढ़वा बाणसागर ,निपानिया हर जगह बांडेड डॉक्टर नियुक्त किए गए लेकिन नियुक्त होने के बाद उनकी ड्यूटी सिर्फ नाम मात्र की ही हो रही है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हफ्ते में 7 दिन होते हैं लेकिन दो दिन ड्यूटी करते हैं बाकी 5 दिन बांडेड डॉक्टर कहां रहते हैं इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख को तो रहती लेकिन उनके द्वारा उनको अभय दान दे दिया जाता है।

### सार्थक ऐप से हाजिरी में भी मैं भी हो रही गड़बड़ी-

एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सार्थक एप में जिसकी हाजिरी होती है आने का टाइम और जाने का टाइम दर्ज किया जाता है जिसकी निगरानी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और खंड चिकित्सा अधिकारी करते हैं लेकिन यदि कोई डॉक्टर सार्थक आदमी हाजरी नहीं लगता तो उसका वेतन काटने का नियम है लेकिन अधिकारियों द्वारा ऐसा नहीं किया जाता इसी कारण से ग्रामीण क्षेत्र में सरकार की लाख कोशिश के बाद भी डॉक्टर नहीं पहुंच पा रहे हैं और लोगों को परेशानी हो रही सरकार अपनी तरफ से तो काफी कोशिश कर रही है कि गांव में डॉक्टर पहुंचे लेकिन अधिकारियों की मिली भगत से डॉक्टर गांव तक नहीं पहुंच पा रहे हैं और उनका 2 साल ग्रामीण क्षेत्र में काम करने का कार्य बहुत कम दिनों कार्य करने के बाद भी पूरा हो जाता है क्षेत्र वासियों ने मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर से मांग की है सभी अस्पतालों में बांडेड और नियमित डॉक्टर के ड्यूटी के नोटिस बोर्ड चश्मा किए जाएं डिजिटल नोटिस बोर्ड भी लगाया जाए कि आज यदि डॉक्टर नहीं है तो किस कारण से नहीं है और डॉक्टर कहां ऑनलाइन मॉनिटरिंग की सुविधा बनाई जाए और उसे अप के माध्यम से जनता भी उनकी आनलाइन देख कर सके जिस तरह से रेल गाड़ियों को जानने के लिए एप है इस तरह से डॉक्टर को जानने के लिए भी एप होना चाहिए जिससे कोई भी व्यक्ति अस्पताल पहुंचने से पहले यह जान ले की आज कौन सा डॉक्टर हमको देखेगा और उसकी अनुपस्थिति का कारण क्या है ।



क्या होते हैं बांडेड डॉक्टर। आपको बताते चले की मध्य प्रदेश सरकार द्वारा जो डॉक्टर एमबीबीएस और इंटर्नशिप पूरा करने के बाद 2 साल ग्रामीण क्षेत्र में कार्य करना अनिवार्य है इसके बदले में उन्हें एमडी और एम एस में 20 अंक बोनस दिया जाता है और जो डॉक्टर ग्रामीण क्षेत्र में अपनी सेवाएं नहीं देते उनको 1 करोड रुपए का बांड भरना पड़ता है अब खेल यह हो रहा है कि डॉक्टर ग्रामीण क्षेत्रों में ज्वाइन तो करते हैं लेकिन वहां ड्यूटी नहीं करते अपने को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र , सिविल अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी के नाम पर अटैच कर लिया जाता है और इसके अलावा अधिकारियों से सेटिंग करके ड्यूटी करने नहीं जाते और पीजी की तैयारी के नाम पर अपने घरों में रहते हैं इसके बदले में अपने वेतन का कुछ प्रतिशत अधिकारियों को देना पड़ता जिसको सुविधा शुल्क कहा जाता है शुल्क के बदले विभाग के अधिकारी इधर-उधर के डॉक्टर को अटैच करके व्यवस्था बनाए रहते हैं और लोगों को सही ढंग से स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पाती।

बांडेड डॉक्टरों की सूची जारी करें जिला प्रशासन। क्षेत्र के लोग यह नहीं जान पाते की हमारे क्षेत्र में कितने बांडेड डॉक्टर इसकी सूची समाचार पत्रों में प्रकाशित होनी चाहिए जिससे लोग यह जान सकेंगे उनके क्षेत्र में कितने डॉक्टर हैं और कितने डॉक्टर की कमी है।

**वीसी में मुख्यमंत्री कर चुके हैं शिकायतों के निराकरण की सराहना**

# हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में कटनी चार अग्रणी जिलों में शामिल

हरिभूमि न्यूज कटनी

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में कटनी जिला प्रदेश के प्रथम समूह के 28 जिलों में ए ग्रेड के साथ चौथे स्थान पर है। राज्य शासन द्वारा सीएम हेल्पलाइन के अप्रैल माह तक की प्रगति के पर्यवेक्षण और अनुश्रवण के बाद जारी रैंकिंग में कटनी जिले ने 83.51 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड अर्जित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी बीते दिनों वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जिलों की समीक्षा के दौरान पिछले छरू माह से सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लगातार अग्रणी रहने पर कटनी कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव की सराहना कर चुके हैं।



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की निरंतर की जा रही समीक्षा की वजह से कटनी जिले ने अप्रैल माह में प्रथम समूह के 28 जिलों में चौथा स्थान हासिल किया है। कलेक्टर श्री यादव ने सभी विभागों के जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें।

लोकसेवा के जिला प्रबंधक श्री दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि राज्य शासन द्वारा जारी अप्रैल माह की ग्रेडिंग में आलोच्य अवधि तक कटनी जिले को कुल मिली 8 हजार 119 शिकायतों मे से 49.75 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया है।

### पुलिस, ननि व जिला पंचायत ने हासिल किया ए ग्रेड

सीएम हेल्पलाइन की समस्याओं एवं शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में पुलिस विभाग ने अप्रैल माह में प्राप्त 769 शिकायतों में से 54.07 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया और 89.55 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल किया है। इसी प्रकार नगर निगम ने आलोच्य अवधि में 579 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों में से 54.3 वेटेज के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर कुल 92.32 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल किया है। इसके अलावा जिला पंचायत ने अप्रैल माह में 1152 शिकायतों में से 52.66 वेटेज के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया है। साथ ही जिला पंचायत ने 84.54 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड अर्जित किया है।

## बड़ागांव में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन



ग्राम पंचायत बड़ागांव एवं उप स्वास्थ्य केंन्द्र बड़ागांव में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी के ने ग्रामीणजन से उनके राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड के संबंध में जानकारी ली एवं पैरालीगल वालेंटियर मुकेश द्विवेदी को निर्देशित किया क ििजन लोगों के राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उन लोगों के कार्ड बनवाने में सहयोग करें। साथ ही उन्होंने नि ःशुल्क विधिक सहायता, म.प्र. अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना, नालसा टोल फ्री नम्बर 15100, मध्यस्थता जागरूकता तथा महिलाओं के अधिकारों के प्रति कानूनी सहायता के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या के समाधान के लिए आप स्वयं एवं पैरालीगल वालेंटियर के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते है।

# ब्रह्मर्षि अम्बाला आश्रम लखाखेरा

हरिभूमि न्यूज बड़वारा

प्रख्यात भजन गायिका संजो बघेल के द्वारा देवी जागरण एवम भजनों की प्रस्तुति दिनांक 25 मई 2025 को ब्रह्मर्षि अम्बाला आश्रम लखाखेरा में की जाएगी। दूधिया रंग व सुहानी रात्रि में होगी भजनों की प्रस्तुति। प्रति वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी ब्रह्मर्षि अम्बाला आश्रम लखाखेरा में वार्षिक महोत्सव का रंगारंग आयोजन किया जाएगा। ब्रह्मर्षि अम्बाला आश्रम लखाखेरा के संस्थापक हरिओम दास महाराज ने जानकारी देते हुते बताया कि आश्रम में समय समय पर धार्मिक सामाजिक आयोजन किये जाते हैं।

ब्रह्मर्षि अम्बाला आश्रम लखाखेरा में 23 मई से आस क्रिया योग विशेष ध्यान शिविर आत्म साक्षात योग,महायोगी हरिओम दास महाराज का प्रवचन एवम आस क्रिया योग सुबह 10 बजे से 12 बजे तक एवम शाम को 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक किया जाएगा। महायोगी हरिओम दास महाराज द्वारा एवम आस क्रिया योग पर व्याख्यान दिये जायेंगे।

**नागरिकों को प्रदान की जाएंगी मूलभूत बुनियादी सुविधाएं**

# नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों में 94 लाख से कराएं जाएंगे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज कटनी

सुगम आवागमन हेतु सड़क तथा जल निकासी हेतु पर्याप्त नालियों की व्यवस्था केवल क्षेत्र की अधोसंरचना ही नहीं बल्की विकास की जीवन रेखा होतीं है। नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं एवं प्राथमिकताओं को देखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देशन और आयुक्त नीलेश दुबे के मार्गदर्शन में नगर के चहुंमुखी विकास हेतु निर्माण कार्य स्वीकृत किये जाकर गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण कराने के प्रयास किये जा रहे है।

### ये विकास कार्य शामिल

निगम प्रशासन द्वारा जिन विकास कार्यो की निविदा जारी की गई है उनमें बाल गंगाधर तिलक वार्ड गली नंबर सात में 6 लाख 78 हजार 509 रुपये की लागत से सीसी नाली निर्माण तथा वेंकट वार्ड में 7 लाख 5 हजार 612 रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण का कार्य शामिल है।

# मच्छरों से निजात दिलाने वाली मशीन बीमार

1- मच्छर से भी शायद छोटी है फागिंग मशीन, कहीं नजर नहीं आ रही!
2-कचरे में नगर पालिका की फागिंग मशीन, मच्छरों की बेतहाशा संख्या से सभी को हो रही परेशानी
3- अगरबत्ती और ऑलआउट ही अब सहारा

जिला मुख्यालय में डेंगू, मलेरिया और वायरल बुखार का प्रकोप जारी है। घर-घर बुखार से पीड़ितों की चारपाई बिछी है। जिला स्तर पर सरकारी अस्पतालों में प्रतिदिन बडी तादात मे मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें आधे से ज्यादा बुखार से पीड़ित हैं। बावजूद इसके मच्छरजनित इन रोगों की रोकथाम के लिए जिम्मेदार विभाग नगर पालिका की ओर से प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे है। दावे तो बहुत है, लेकिन मच्छरों को मारने वाली फागिंग मशीनें कहीं नजर नहीं आ रही।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर

शहर में इन दिनों मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे लोगों का जीना दूभर हो गया है। हर वक्त मच्छरों की भिनभिनाहट व डंक से लोग परेशान हैं। इसके बाद भी नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य जिम्मेदार विभाग लापरवाह बने हुए हैं, जिसके कारण दिन-प्रतिदिन मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। मच्छरों के कारण रात में लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है। लोग सुबह में देर तक या दोपहर में सोकर नींद पूरी कर रहे हैं, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। लोग मच्छरों से बचने के लिए क्वाईल, अगरबत्ती, ऑलआउट समेत अन्य का सहारा ले रहे हैं। मच्छरों के प्रकोप के कारण रात की बात तो दूर, दिन में भी चैन से नहीं रह पा रहे हैं। मच्छरों से शहरवासियों को निजात दिलाने के लिए खरीदी गयी फॉगिंग मशीन नगर पालिका के कचरे की शोभा बढा रहा है। शुरुआत में शहर में कम और अधिकारियों के कार्यालय परिसर व आवास में अधिक उपयोग किया गया था, लेकिन अब वह मशीन अब पूरी तरह से सेवा देना बंद कर दिया है। इस तरह जिस उद्देश्य से फॉगिंग मशीन खरीदी गयी थी, उसका लाभ आम लोगों को नहीं मिल रहा है।




### मच्छरों के कारण बढ़ रही मरीजों की संख्या

स्वच्छता सर्वेक्षण के मानकों पर अपने आप को खरा उतारने का भरसक प्रयास कर चुकी नगर पालिका अब शहर पर ध्यान नहीं दे रही है। शहर में कचरा संग्रहण वाहन तो घूम रहे हैं, लेकिन पूरे शहर में बेतहाशा बढ़ चुके मच्छरों से निजात दिलाने के लिए नपा की ओर से कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। खास बात यह है कि मच्छरों की समस्या के निराकरण के लिए नपा के पास जो फागिंग मशीन है वो खराब पड़ी है। शहर में पिछले कुछ समय से मच्छरों की तादाद बढ़ गई हैं। शाम होते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। इनकी समस्या के निराकरण के लिए नपा की ओर से कोई प्रयास नहीं हो रहे है। नपा ने अभी तक शहर में मच्छरों की संख्या कम करने के लिए फागिंग मशीन नहीं चलाई है। शहर के रिहायशी क्षेत्रों में मच्छरों का प्रकोप ज्यादा है। इस कारण मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है।



### मच्छरों से फैलती है कई बीमारी

मच्छरों से कई तरह की बीमारी फैलती हैं, एनोफिलिज मच्छर से मलेरिया, क्लक्स मच्छर से फाइलेरिया, एडिस मच्छर से डेंगू व सैंड फ्लाई मच्छर से कालाजार नामक बीमारी फैलती है। नगर पालिका क्षेत्र में नियमित रूप से साफ-सफाई नहीं होती है, जिसके कारण नालियां बजबजाती रहती हैं। कई मोहल्लों की नालियों में स्लैब की व्यवस्था नहीं है। कई जगहों पर जलजमाव व कचरे की समस्या है।

### अगरबत्ती और ऑलआउट ही अब सहारा

शहरवासियों ने कहा कि मच्छरों के प्रकोप के कारण शाम को घर के बाहर बैठना मुश्किल हो रहा है। फागिंग मशीन बंद होने के कारण क्वाईल, अगरबत्ती, ऑलआउट समेत अन्य का सहारा लेना पड़ता है। लोगों ने शहर में नियमित रूप से फॉगिंग मशीन का उपयोग कराने की मांग की, ताकि मच्छरों के प्रकोप से राहत मिल सके।

# पार्किंग स्थल में तब्दील हुआ 22 लाख की लागत से बना संजीवनी क्लीनिक



### क्लीनिक मे लगा रहता है ताला, मरीजों का इलाज बंद

### पर्याप्त डॉक्टर नहीं होने का विभाग रो रहा रोना, दिलचस्पी भी नहीं विभाग की

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/कोतमा।** लगभग 22 लाख रुपए की लागत से नगर के वार्ड क्रमांक 3 मे बने पुराने अस्पताल का उन्नयन संजीवनी क्लीनिक के लिए शासन की विशेष योजना के अंतर्गत कार्य करवाया गया। भवन का उन्नयन पिछले साल अगस्त माह में ठेकेदार के द्वारा पूर्ण कर दिया गया। परिषद के गठन के बाद नपा के द्वारा भवन को स्वास्थ्य विभाग के हैंड ओवर भी कर दिया गया।

संजीवनी क्लीनिक बाजार एरिया में खोलने का उद्देश्य यह था कि वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन नगर से दूर है और संजीवनी क्लीनिक संचालित हो जाने के बाद नगर के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध हो पाएगी यदि कोई गंभीर है तो उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भेज दिया जाएगा। नगर के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा देने के उद्देश्य मोहल्ला क्लीनिक संचालित करने के लिए पुराने अस्पताल भवन का उन्नयन करवाया गया जिसमें खिड़की दरवाजे टाइल्स शौचालय छत रिपेयरिंग के साथ ही दरवाजे एवं मुख्य द्वार का गेट का कार्य शामिल था जिसके लिए शासन के 22 लाख रुपए खर्च कर कार्य भी पूर्ण करवाते हुए संजीवनी क्लिनिक का संचालक शुरू करवा दिया गया। भवन को स्वास्थ्य विभाग के हैंडओवर भी कर दिया गया। कुछ दिनो तक स्वास्थ विभाग के द्वारा एक दो कर्मचारियों की ड्यूटी संजीवनी क्लीनिक में लगाई गई जो बैठ भी रहे थे, लेकिन वर्तमान में संजीवनी क्लीनिक में ताला जड़ा रहता है। कर्मचारियों का पता ही नही रहता।

### लगा रहता है ताला

22 लाख रुपए खर्च कर संजीवनी क्लीनिक का उन्नयन करवाया गया जिससे बाजार के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य की सुविधा का लाभ मिल सके लेकिन डाक्टरों की कमी के कारण लोगों को इसका लाभ नही मिल पा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कर्मचारियों की कमी बताई जा रही है। कुछ दिनों तक तो स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाते हुए संजीवनी क्लीनिक को संचालित करवाया गया लेकिन वर्तमान में संजीवनी क्लीनिक में ताला जड़ा रहता है। नगर के वार्ड क्रमांक 3 पुराने अस्पताल भवन में संजीवनी क्लीनिक का संचालन सही ढंग से नही होने के कारण वर्तमान में लोग अपनी दो पहिया चार पहिया एवं दुकानदारों के द्वारा हाथ ठेला खड़ा कर पार्किंग स्थल बना लिया गया है। साथ ही आवारा मवेशियों का डेरा जमा रहता है जिसके कारण गंदगी हमेशा बनी रहती है।

### नहीं है पर्याप्त डॉक्टर

नगर में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में डॉक्टरों की कमी बनी हुई है पूर्व में नगर विकास मंच के द्वारा भोपाल जाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल अस्पताल का दर्जा दिलाए जाने के लिए ज्ञापन भी सौपा गया था। एक वर्ष पहले मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा सिविल अस्पताल का दर्जा दिए जाने की घोषणा भी कर दिया गया लेकिन वह भी अभी तक कागजों तक ही सिमट कर रह गया है। पर्याप्त डॉक्टर नही होने के कारण संजीवनी क्लीनिक संचालित करने मे भी स्वास्थ्य विभाग कोई दिलचस्पी नही दिखा रहा है।

### इनका कहना है

संजीवनी क्लीनिक में पहले सीएचओ की ड्यूटी लगाई गई थी लेकिन वर्तमान में सीएचओ भी नही है साथ ही डाक्टरों की कमी होने के कारण संजीवनी क्लीनिक के संचालन में दिक्कत आ रही है। अगले माह से व्यवस्था मे सुधार लाते हुए संजीवनी क्लीनिक का संचालन शुरू करवाया जायेगा।

**मनोज सिंह, खंड चिकित्सा अधिकारी**

## कॉलरी एवं घरों को बना रहे निशाना

# अवैध कबाड़ दुकान के कारण बढ़ी चोरी की वारदात



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर मे खुलेआम कबाड़ का अवैध कारोबार फल फूल रहा है। तेजी से बढ़ते कबाड़ के ठीहो के कारण चोरी की घटनाओं मे भी इजाफा हुआ है। बताया जा रहा है कि जहां जहां कबाड़ की दुकान खुली है वहां के आस पास घरों में लाखों की चोरी की वारदात हो चुकी है। अवैध कबाड़ की दुकानों में खुलेआम कालरी एवं घरों से चोरी किया समान खपाया जाता है। हिस्ट्रीशीटर कबाड़ियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही ना होने के कारण इनके हौसले बुलंद रहते है। चोर गिरोह द्वारा कालरी से लोहा एवं घरों से सामान चुराकर कबाड़ दुकानों में दिनदहाड़े खपा रहे हैं।

### यहां है संचालित

नगर के बनिया टोला में अंडर ब्रिज के पास, वार्ड क्रमांक 7 संतोषी बाड़ा के पास, बुढानपुर तिराहा बसखली तिराहा मेन रोड किनारे, विकास नगर केरहा नाला के पास कालेज तिराहा में लंबे समय से अवैध कबाड़ के ठीहे को प्रशासन का प्रश्रय मिला हुआ है। नागरिकों का कहना है कि पुलिस संरक्षण से ही अवैध कबाड़ दुकानें संचालित हो रही हैं। जहां कॉलरी, घरों एवं निर्माण स्थल से चोरी कर लोहा एवं अन्य कीमती सामनों को ठिकाने लगाते है। थाना क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक जगहों पर कबाड़ दुकान चल रही हैं। थाना क्षेत्र के आदतन बदमाशों द्वारा कबाड़ के काले कारोबार को खुले तौर पर अंजाम दिया जाता है। जहां बाइक, चोरी के सामान सहित मंदिर से चोरी किए सामान भी खपाना आम बात हो चुकी है।

### चोरी की घटनाएं भी बढ़ी

नगर के गली मोहल्लों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी जगह-जगह कबाड़ दुकान संचालित हो रही है। जहां सैकड़ों टन लोहे का कबाड़ खरीद रहे हैं। इतनी मात्रा में लोहा कहां से आ रहा है। इसके बारे में किसी को पता नहीं है। दूसरी ओर जैसे-जैसे कबाड़ दुकानों की संख्या में बढ़ोतरीं हुई है, उसी तरह चोरी की घटनाओं मे भी इजाफा हुआ है । कालरी से लोहा सहित बेशकीमती पाट्र्स चोरी हो रहे हैं जो कबाड़ दुकानों में आसानी से खपाया भी जा रहा है। कार्यवाही के नाम पर सिर्फ औपचारिकता की जाती है। चोरी की घटना को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार प्रयासरत है। लेकिन, कबाड़ दुकानों को बंद करवाने के लिए अभी तक कोई प्रयास नहीं किया गया है। कानून व्यवस्था को चुनौती देते हुए कबाड़ी खुलेआम कारोबार कर रहे है। कबाड़ दुकानों में ज्यादातर चोरी का माल खपाया जाता है। पुलिस कई बार कबाड़ दुकानों से चोरी की सामग्री भी बरामद कर सलाखों के पीछे भेज चुकी है। सिर्फ एक स्टाक रजिस्टर बनाकर कबाड़ दुकान संचालित किया जाता है। स्टाक रजिस्टर में खरीदी-बिक्री किए गए सामान को दर्ज कर कारोबार करते हैं। इन दिनों नगर में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। बसखली तिराहा के आगे नवनिर्मित मकान से लोहे की प्लेट की चोरी होने की शिकायत भवन निर्माण ठेकेदार के द्वारा की जा चुकी है।लेकिन अभी तक किसी कबाड़ चोर को नहीं पकड़ा जा सका। पूर्व में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध कबाड़ चोरों पर जमकर सख्ती बरती गई थी जो वर्तमान में ठंडी पड़ी हुई है। कबाड़ के अड्डों में कैमरे लगाए जाने के आदेश के बाद भी चोरी का समान धड़ल्ले से खरीदा जाता है। नागरिकों का कहना है कि अब पुलिस थाने की कमान नये थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला को मिली है क्या उनके द्वारा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र मे संचालित अबैध रूप से संचालित कबाड़ के व्यवसाय में लगाम लगा पायेंगे यह नगर की गलियों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाओं पर हाईकोर्ट की सख्ती

### 7 दिन में विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात करने का आदेश



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की अव्यवस्था को लेकर पूर्व पार्षद देवशरण सिंह एवं दीपक पटेल के साथ ही नागरिकों के द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने भूख हड़ताल करते हुए आंदोलन कर रहे थे। मांग में यह उल्लेख किया गया था कि कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वर्षों से विषय विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है आसपास के स्वास्थ्य केंद्रों से डॉक्टरों की ड्यूटी लगाते हुए काम चलाया जा रहा है, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा नाम का रह गया है यहां अधिकतर मरीजों को रेफर कर दिया जाता है। दवाइयां की भी कमी आए दिन बनी रहती है। साफ सफाई के साथ ही अन्य व्यवस्था के सुधार कार्य जाने हेतु मांग किया गया था लेकिन प्रशासन के द्वारा जबरन देवशरण सिंह एवं दीपक पटेल को स्वास्थ्य संबंधित समस्या बात कर अनशन स्थल से उठाकर जिला चिकित्सालय ले जाया गया और यह कहते हुए की जल्द ही अस्पताल की व्यवस्था में सुधार करते हुए शासन स्तर पर पत्राचार कर डॉक्टरों की पदस्थापना की मांग की जाएगी, लेकिन आज तक ना तो अस्पताल की व्यवस्था में सुधार आया और ना ही डॉक्टरों की पदस्थापना की गई जिसके कारण यहां के लोगों को इलाज के लिए परेशान होना पड़ता है। इसी समस्या को देखते हुए पूर्व पार्षद देवशरण सिंह समाजसेवी दीपक पटेल के द्वारा नगर के अधिवक्ता राजेश शर्मा से मिलकर उच्च न्यायालय जबलपुर में अधिवक्ता अभिषेक पांडे के माध्यम से याचिका दायर की गई। याचिका की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय के डबल बेंच के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैथ और न्यायाधीश विवेक जैन के द्वारा आदेश पारित करते हुए कहा गया कि प्रतिवादियों के विद्वान वकील ने कहा कि डॉक्टरों की स्वीकृत संख्या 15 है और 15 स्वीकृत डॉक्टरों में से 8 डॉक्टर अनुपस्थित हैं। कार्यरत हैं और 7 स्पष्ट रूप से रिक्त हैं और सभी विशेषज्ञ पद रिक्त हैं। मध्य प्रदेश राज्य, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से, निवासी वल्लभ भवन भोपाल, जिला-भोपाल मध्य प्रदेश को निर्देश दिया गया कि एक सप्ताह के भीतर कम से कम एक विशेषज्ञ चिकित्सक, एक सर्जन और एक स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित एक महिला चिकित्सक की नियुक्ति करे और शेष रिक्तियों को भी शीघ्रता से, अधिमानतः उसके बाद चार सप्ताह के भीतर भरा जाएगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि आदेश का पालन केवल डॉक्टरों की तैनाती से ही नहीं होगा, बल्कि विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा इस उद्देश्य के लिए आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था भी की जाएगी। यह व्यवस्था भी आज से 15 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से की जानी चाहिए। यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि यदि प्रमुख सचिव स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई निष्क्रियता है, तो याचिकाकर्ता एक आवेदन प्रस्तुत करके वर्तमान याचिका को पुनर्जीवित करवा सकता है, क्योंकि यह मामला मुख्य रूप से आदिवासी बहुल सुदूर क्षेत्र में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं से संबंधित है। उपर्युक्त निर्देश के साथ, याचिका का निपटारा किया जाता है। बर्षो से कोतमा क्षेत्र के लोग स्वास्थ्य सुविधा को लेकर परेशान थे यहां तक की कोतमा क्षेत्र से राजनीति में पकड रखने वाले जनप्रतिनिधियो के साथ ही इस जिले से एक पूर्व मंत्री एवं एक मंत्री भी मध्य प्रदेश शासन में है। उसके बावजूद भी यहां के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है कई बार तो इलाज के अभाव में जान भी जा चुकी है। इन सब को देखते हुए पूर्व पार्षद देवशरण सिंह दीपक पटेल अधिवक्ता राजेश शर्मा के द्वारा एक अच्छी पहल की गई और जबलपुर के अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय के द्वारा अच्छी पहल करते हुऐ पैरवी कर यहा के नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करवाने मे महती भूमिका निभाई गई उच्च न्यायालय के द्वारा मध्य प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए डॉक्टरों की पद स्थापना करने के आदेश पारित किए गए जिससे नगर के नागरिकों ने इन लोगों का आभार व्यक्त किया है।



# तीन ट्रैक्टर पकड़कर अपनी पीठ खुद थपथपा रहा खनिज विभाग

### खनिज माफ़ियाओं को अभयदान, खानापूर्ति कर वाहवाही की कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** तीन ट्रैक्टरों को पकड़कर खनिज विभाग अपनी पीठ थपथपा कर वाहवाही बटोरने मे लगा है वही खनन माफियाओं को अभयदान दे रखा है। जो एक रॉयल्टी से कई चक्कर गिट्टी का परिवहन करते है, साथ ही एक रॉयल्टी काटकर कई ट्रिप पत्थर खदानों से क्रेशरों तक पहुंचाए जा रहे हैं। जिले में कई ऐसे खदान और क्रेशर संचालक है जो अपने आपको जिला खनिज अधिकारी और खनिज निरीक्षक के खास होने का दम्भ भरते हुए अवैध कारोबार को अंजाम देते है उन पर कार्यवाही न करना साबित करता है कि उन माफ़ियाओं का दावा भी सही है कि वे खनिज के जिम्मेदारों के खास हैं। जिलेभर में चल रहे अवैध उत्खनन तथा परिवहन पर रोक लगाने को लेकर कलेक्टर हर्षल पंचोली ने खनिज विभाग को निर्देशित किया है। जिस पर मंगलवार को कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली के निर्देशन पर उपसंचालक खनिज विभाग के मार्गदर्शन में खनिज निरीक्षक ईशा वर्मा के द्वारा कोतमा क्षेत्र में मिल रही अवैध उत्खन एवं परिवहन की शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए रेत का परिवहन कर रहे 3 वाहनों को जब्त करते हुए खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। कार्यवाही के संबंध में बताया गया कि बिजुरी के पास ग्राम छोटी बेलिया के समीप ट्रैक्टर वाहन क्रमांक एमपी 18 ए बी 6233 एवं बिजुरी के पास होटल अतुल्यम पैलेस के समीप वाहन क्रमांक एमपी 54 ए ए 1366 तथा ट्रैक्टर क्रमांक सी जी 16 सी एम 6268 जिनमें रेत का परिवहन कर पास के ग्राम ले जाया जा रहा था जिस वाहन चालक से वैध दस्तावेजों की मांग की गई जिस प्रस्तुत न करने पर तीनों वाहनों को जब्त कर बिजुरी थाने में खड़ा करवाया गया है। इस कार्यवाही में खनिज निरीक्षक ईशा वर्मा एवं माइनिंग सर्वेयर अमित कुमार तथा होमगार्ड जवान शामिल रहे। अब देखना होगा कि अवैध उत्खनन और परिवहन पर कार्यवाही के संबंध मे कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा दिये निर्देश कितने सही साबित होते है या महज रेत चोरी कर रहे ट्रैक्टरों तक ये कार्यवाही सीमित रह जाती है।

# आसमानी बिजली गिरने से घायल व्यक्ति को डायल 100 ने पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर



जिले के थाना जैतहरी क्षेत्र के मुंडा गाँव में आसमानी बिजली गिरने से 01 व्यक्ति घायल होने की सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में 21-05-2025 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल जैतहरी थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक ओम प्रकाश सिंह एवं पायलट अशोक राठोर ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि बारिश के दौरान आसमानी बिजली गिरने से पुरुषोत्तम यादव पिता स्व. राम प्यारे यादव उम्र 54 साल निवासी मुंडा घायल हो गये थे। डायल-112/100 जवानों ने एफ़ आर व्ही वाहन से घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी पहुँचाया।

